आकाशवाणी शिमला

14.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बाल दिवस पर शिमला में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट का किया शुभारम्भ।
- बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों में एन.डी.ए. की जबरदस्त जीत–प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दी बधाई।
- रामपुर का चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला सम्पन्न–मुख्यमंत्री ने समापन समारोह में शिरकत की।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कृषि व बागवानी में रसायनों के न्यूनतम उपयोग पर दिया बल।

और

- सोलन जिले के कूड़ावाला में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू–महिला व पुरूष वर्ग की 32 टीमें ले रही हैं भाग।

..........

बाल दिवस

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती आज बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पंडित जवाहर लाल नेहरू के योगदान को याद किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बाल दिवस के अवसर पर शिमला के रिज मैदान में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट–2025 का शुभारम्भ किया। 16 नवम्बर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के 29 बाल–बालिका सुखाश्रय आश्रम के लगभग 6 सौ विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल दिवस देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पावन स्मृति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि अनाथ और बेसहारा बच्चों व महिलाओं के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 6 हजार अनाथ और बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है।

*जो प्रदेश की संपदा है उस संपदा पर इन बच्चों का भी अधिकार है। हिमाचल प्रदेश हिंदुस्तान का पहला राज्य बना जिसमें एक ऐसा कानून बनाया जो मुख्यमंत्री सुख आश्रय कानून के रूप में जाना जाएगा । जिसमें पैदा होने से लेकर 27 साल तक बच्चे का ख्याल हिमाचल प्रदेश की सरकार रखेगी, यानी कि सरकार की माता है सरकार ही पीता है और उन्हें चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया है।*

मुख्यमंत्री ने इस खेल व सांस्कृतिक महोत्सव के लिए पुलिस और सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की सराहना की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को लैपटॉप, स्कूल बैग भी भेंट किए।

राज्य सरकार के तीन साल के जश्न के कार्यक्रम को लेकर भाजपा द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये एक सरकारी कार्यक्रम है जिसमें सरकार के कार्यों को जनता के समक्ष रखा जाएगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद

<u>बिहार–भाजपा जीत</u>

बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एन.डी.ए. की जबरदस्त जीत हुई है। एन.डी.ए. की प्रचंड जीत के बाद प्रदेश भाजपा में खुशी की लहर है और पार्टी ने आज शिमला में जश्न मनाया जिसमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। जयराम ठाकुर ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि ये एक एतिहासिक जीत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हिमाचल की जनता भी कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि बिहार में एन.डी.ए. की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और समाज कल्याण के प्रति उनकी भावना की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने हिमाचल प्रदेश की झूठी गारंटियों के मॉडल को पूरी तरह धराशायी किया है। प्रदेश भाजपा महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने बिहार चुनाव में एन.डी.ए. को मिली जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार की जनता ने महागठबंधन के वायदों और झूठ को पूरी तरह नकार दिया है।

उन्होंने इस शानदार जीत के लिए प्रधानमंत्री सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब चुनाव के लिए नहीं बल्कि अपने वर्चस्व को बचाने के लिए लड़ती है। जिसमें वो लगातार पिछड़ती नजर आ रही है।

इस बीच भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने भी बिहार विधानसभा चुनाव में हुई जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को दिया। सोलन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों व योजनाओं की जीत है।

*<u>बिहार के मतदाताओं ने पुनः एनडीए के ऊपर, भारतीय जनता पार्टी के ऊपर अपना विश्वास व्यक्त किया है। मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय नरेंद्र मोदी जी को, भारतीय जनता पार्टी के सम्माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष परम श्रद्धेय श्री जगत प्रकाश नड्डा जी को भी बधाई देता हूं शुभकामनाएं देता हूं कि उनके मार्गदर्शन में, उनके निर्देशन में पुनः भारतीय जनता पार्टी ने और एनडीए बिहार में अपनी सरकार बनाई।</u>*

लवी मेला–मुख्यमंत्री

शिमला जिले के रामपुर बुशैहर में आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेला आज सम्पन्न हो गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह मेला न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि भारत और तिब्बत के बीच सदियों पुराने व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों का जीवंत उदाहरण भी है। इस दौरान उन्होंने पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठयक्रम आरम्भ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से शिपकी–ला के रास्ते फिर से व्यापार शुरू करने का आग्रह किया है और कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर भी बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि रामपुर बुशहर और पूह से दर्रे तक मौजूदा सड़क मार्ग से तीर्थयात्रा के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करना आसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिपकी–ला से सीमा पर्यटन की शुरुआत के परिणामस्वरूप, 70 हजार से अधिक पर्यटक चीन सीमा के पास हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत घाटियों का भ्रमण कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने रामपुर बुशहर में 53 करोड़ 96 लाख रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास भी किए। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

रोहित–धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल में करीब 10 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित शहरी आजीविका केन्द्र के भवन का उदघाटन किया। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि इस भवन से आई.टी.आई. जुब्बल में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और संस्थान के कार्यों में और अधिक दक्षता आएगी। इस दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में आशातीत प्रगति हुई है।

जगत नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कृषि और बागवानी में रसायनों के न्यूनतम उपयोग पर बल देते हुए कहा कि ये किसानों और मधुमक्खी पालन के लिए बेहद आवश्यक है। वे आज किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में दो दिवसीय जिला स्तरीय मधुमक्खी पालन संगोष्ठी के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण फल उत्पादन वर्तमान समय की मांग है और बेहतर गुणवत्ता वाले फल किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बागवानी मंत्री ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में बागवानों को नवीनतम सेब की किस्में व गुणवत्ता से जुड़ना आवश्यक है ताकि उन्हें सेब की फसल के अधिक दाम मिल सकें। जगत सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहद उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे बागवानों विशेषकर ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूत हो रही है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज सोलन जिले के बद्दी बरोटीवाला क्षेत्र के कुड़ावाला गांव में राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में महिला व पुरूष वर्ग की कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगताएं प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी दक्षता दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर देती हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने खेलो इंडिया अकादमी और खेलो इंडिया सैंटर की स्थापना को राष्ट्रीय स्तर पर अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जिसके तहत देश में 11 सौ सैंटर खोले गए। इस बीच अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर के बड़सर में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ 50वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित यूनिटी मार्च में भी भाग लिया।

कुलदीप धतवालिया

पीआईबी के पूर्व प्रधान महानिदेशक कुलदीप सिंह धतवालिया ने पत्रकारों से विश्वसनीय पत्रकारिता स्थापित करने और तथ्यों पर आधारित रिर्पोटिंग करने का आहवान किया है ताकि जनता तक सही जानकारी पहुंच सके। हमीरपुर में आज पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए मौजूदा समय में संचार के तरीके और सरकार द्वारा सूचना व प्रतिक्रिया एकत्र करने के तरीके में भी भारी बदलावा आया है। कुलदीप सिंह धतवालिया ने पत्रकारिता के बारे में सुझाव भी दिए और मीडिया कर्मियों को अपने रिर्पोटिंग में निष्पक्ष रहने की सलाह भी दी। धतवालिया ने कहा कि क्षेत्र के लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए उन्होंने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बिझड़ी गांव में एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो धतवाल की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि देश भर में 5 सौ से अधिक रेडियो स्टेशन है जिनमें से सात हिमाचल प्रदेश में हैं।

नमस्कार।